गणतंत्र दिवस पर आनन्द उत्सव मनाया, प्रतिभाओं को सम्मानित किया

बड़नगर। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ एंव बेड मिन्टन क्लब शासकीय चिकित्सालय बड़नगर द्वारा गणतंत्र दिवंस के अवसर पर आनन्द उत्सव मनाया गया। जिसके अंतर्गत ग्राम कंकराज में प्रतिभागियों को पुरूस्कार वितरण, सम्मान समारोह एवं सदस्यता अभियान की शुरूआत संयुक्त रूप से की गई सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा आरोग्य के देवता भगवान धनवंतरी का पूजन अर्चन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उदय कुमार अग्निहोत्री वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, अध्यक्षता देवीदास मूलचंदानी ने की एवं विशेष अतिथि, अध्यक्ष सांची दुध संघ कंकराज शंकर लाल वर्फा, डॉ. विजय कुमार मालवीय, डॉ. पल्लवी सोंलकी ने की। अतिथियों का स्वागत पुष्प माला व दुपटे एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। स्वागत भाषण अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ कन्हैयालाल वर्फा ने दिया। आनंन्द उत्सव के रूप में सिविल हॉस्पिटल के अधिकारियों कर्मचारियों को वर्ष भर तनाव मुक्त रहने हेतु सहज योग, बेडमिन्टन, क्रिकेट, राष्ट्रीय पर्व व सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहते हैं। इसमें गत माह अभिभाषक सघं एवं अधिकारी कर्मचारी सयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में सिविल हॉस्पिटल कि टीम ने डॉ. विजय मालवीय की कप्तानी में भाग लिया एवं डॉ. सुयश श्रीवास्वत ने तीन बाल पर तीन विकेट लेकर हेट्रीक ली एवं मेन आफ द मैच का खिताब जीता। मंचासीन अतिथियों द्वारा उदबोधन दिया गया एवं मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ कि आजीवन एवं वार्षिक सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई।

इस अवसर पर मार्गदर्शक प्रेमकुमार खींची, ब्लॉक संगठन मंत्री महेश धनेलिया, जगदीश अजमेरी, संजय सोलंकी, डॉ. दीक्षा, निर्मला वर्फा, सौरभ उपाध्याय, जगदीश परमार, पंकज चौरसीया, मनोहर सौलंकी, नारायण पाटीदार, जितेन्द्र सौलंकी, चैतन पटेल, नारायण सिसोदिया, रूपेश कछावा और संघ के अन्य सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहें। संचालन बलराम पण्डया एवं आभार दिनेश कुमार पंचोली द्वारा माना गया।

जयभारती में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

उज्जैन। जयभारती शिक्षण संस्थान में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रकाश शर्मा जल कार्य समिति प्रमुख नगर निगम उज्जैन और अध्यक्षता रजनी उपाध्याय किशोर न्यायालय बोर्ड सदस्य ने की। सर्वप्रथम सभी अतिथियों द्वारा झंडावंदन किया गया। अतिथियों का स्वागत राजेंद्र जोशी, आशा तिवारी, रमा जोशी, हेमलता जोशी, विपुल जोशी, अवनी जोशी, सीता शर्मा, रीतू सोनी, दुर्गा शर्मा, मनीषा भावे आदि ने किया। संस्था परिचय सचिव राजेंद्र जोशी ने दिया। गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे रौनक अंसारी, सानिया, सादिया, दिया चुंडावत, राहिन खान आदि ने बताया। प्रकाश शर्मा ने अपने उद्बोधन में बोला की अच्छी शिक्षा अच्छा स्वस्थ हमारे लिए जरूरी है और उन्होंने बताया की आने वाला समय बहुत चिंता जनक है क्योंकि साक्षर और निरक्षर में युद्ध होगा।

करेड़ी में देवनारायण मंदिर का सात दिवसीय यज्ञ संपन्न

माकड़ौन। भगवान विष्णु के अवतार लोक देवता देवनारायण मंदिर, करेड़ी में आयोजित सात दिवसीय यज्ञ धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर पूरे गांव में भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। सातवें दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को आकर्षक सजावट से सजाया गया था। साथ ही आयोजित विशाल मेले में बच्चों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आनंद उठाया। यह आयोजन देवनारायण भगवान समिति एवं भक्तों द्वारा विगत कई वर्षों से परंपरागत रूप से किया जाता रहा है। इस वर्ष भी समिति सदस्यों और श्रद्धालुओं के सामूहिक सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारियों एवं देवनारायण भक्तों की भूमिका सराहनीय रही।

ग्रामीणों में आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया और पूरे क्षेत्र में धार्मिक एकता व सामूहिक सहभागिता का संदेश प्रसारित हुआ। यह जानकारी सरपंच गंगाराम चदना ने दी

एक नजर में

इस संसार में ऐसा कोई पाप नहीं बना जिसका नाश श्रीमद भागवत न कर सकी

उन्हेल। श्रीमद्भागवत कथा समिति द्वारा कथावाचक वृन्दावनवासी परम पूज्य गोरांगी गौरी महाराज के मुखारबिंद से स्थानीय नया बस स्टैंड स्थित मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस का विशेष आकर्षण प्रभु श्रीकृष्ण जन्मोत्सव रहा पीले वस्त्र धारण कर हजारों की संख्या में कथा पांडाल में कथा का रसपान करने धर्मप्रेमी जनमानस के साथ छोटे छोटे बच्चे कान्हा और राधा का रूप धारण कर माहोल वृन्दावन जैसा बना दिया। बड़ी धूमधाम से आनंदित होकर श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आनंद लिया। चतुर्थ दिवस की कथा के वाचन में भागवत कथा की शुरुआत भागवत आरती और विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। उन्होंने बताया कि जब हम भगवान का गुणगान सुनते हैं, उनके विषय मे जानते हैं तथा उनकी सेवा करते हैं तो हमे उनसे प्रेम होने लगता है और समय के साथ ये प्रेम प्रगाढ़ होता जाता है। इसलिए कहते हैं कि भजन करें। कल के लिए कुछ भी न टाला जाएगा, कल लगाने क्या होने वाला है, कल किसने देखना है। जो करना है, अभी करिए और इसी क्षण करिए। भगवान ने इतना सुंदर शरीर हमें आपको दिया हुआ है, इस शरीर को सार्थक बनाएं। श्रीमद भागवत इस संसार में किसी भी बड़े से बड़े पाप का नाश करने में सक्षम है। इस संसार में ऐसा कोई पाप नहीं बना जिसका नाश जिसका वध श्रीमद भागवत न कर सकी हो शर्त उतनी है उस पाप की पुनरावृत्ति न हो। कथा में मंगलवार को गजेन्द्र मोक्ष का प्रसंग, श्री वामन अवतार रामकथा एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव विशेष रहा। व्यास पीठ जी की आरती का लाभ जैन श्वेताम्बर मू.पू. संघ के ट्रस्टीगण, कालका माता महिला मंडल, बैरागी समाज मंडल, प्रदेश प्रवक्ता राजेश तिवारी, आशीष जैन मित्र मंडल नागदा ने लिया। समिति द्वारा कृष्ण जन्मोत्सव में माखन मिश्री की प्रसादी का वितरण किया। बुधवार को कथा में नन्द महोत्सव, श्रीकृष्ण बाललीला, एवं गोवर्धन पूजन के साथ को 21 कन्याओं के विवाह समारोह के कार्यक्रम प्रात: 9 बजे स्थानीय कार्तिक चौक से श्री गणेश पूजन एवं माताजी पूजन, शाम को कथा पांडाल में मंडप, सांय 7 बजे मेहंदी तथा रात्री 8 बजे महिला संगीत का आयोजन होगा।

कस्तूरबा गांधी छात्रावास की बालिकाओं ने बाजी मारी

महिदपुर। मध्यप्रदेश में 26 जनवरी का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें स्कूल और कॉलेजों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ परेड़ कर सलामी ली गई। वहीं मुख्य अतिथियों ने बच्चों को मिठाई का वितरण किया गया। इस क्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय महिदपुर 6से 8 तक कि छात्राओं ने भी 26 जनवरी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। छात्रावास की अधीक्षिका राधा बगाना ने बताया कि इस दौरान सांस्कृतिक आयोजन के लिए प्रतियोगिता का भी कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें छात्रावास की बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर पुरस्कार भी प्राप्त किया।

कृषि उपज मंडी कार्यालय में शान से लहराया तिरंगा

महिदपुर। कृषि उपज मंडी कार्यालय महिदपुर में गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंडी कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं मंडी भारसाधक अधिकारी अजय हिंगे द्वारा किया गया। ध्वजारोहण के बाद तिरंगे को सलामी दी गई। इसके पश्चात राष्ट्रगान हुआ। इस अवसर पर मंडी सचिव आश्विन सिन्हा सहित मंडी के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे। तत्पश्चात मिठाई वितरण की गई।

लेंक्सेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में गणतंत्र दिवस की 77 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाई

नागदा। लेंक्सेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नागदा में प्रतिवर्षानुसार राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की 77वीं वर्षगांठ उत्साह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर लेंक्सेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नागदा के यूनिट मैन्युफैक्चरिंग हेड सुनील कुमार गुलाटी द्वारा उद्योग परिसर में ध्वज फहराया गया। राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देकर सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। उद्योग के अधिकारी, स्टॉफ, कर्मचारी गण मौजूद रहे। सभी ने एक दूसरे को जय हिंद के साथ संबोधित कर 77 वें गणतंत्र दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी।

ग्राम नांदेड़ में समरसता, जागरूकता और आदर्श अभियान संपन्न

माकड़ोन। ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत नवांकुर संस्था नील कंठेश्वर समाज कल्याण समिति तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नांदेड़ के मार्गदर्शन में सरकार की 2 वर्ष की गतिविधियों और योजनाओं की जानकारी के साथ जनजागरूकता तथा सम्मान कार्यक्रम आयोजन किया गया। यह अभियान 12 जनवरी से 26 जनवरी तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। कार्यक्रम में पधारे दिलीप कारपेंटर सरपंच नांदेड़, राकेश पेंटर जनपद सदस्य, जगदीश शर्मा, प्रमोद चतुर्वेदी, घनश्याम जोशी, बद्रीलाल शर्मा, विक्रम सिंह, दिनेश देवड़ा ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। संदीप मालवीय ने 2 वर्ष की शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की। घनश्याम जोशी वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के माध्यम से सरकार की मंशा गांव के अंतिम व्यक्ति तक जागरूकता पहुंचाने की है।

शहीद पार्क पर एसडीएम ने किया ध्वजारोहण

खाचरौद। प्रेस क्लब खाचरौद द्वारा शहीद पार्क स्टेशन रोड़ पर पत्रकार साथियों की उपस्थिति में अनुविभागीय अधिकारी नेहा साहू ने ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

उक्त जानकारी प्रेस क्लब सचिव नागेश्वर बैरागी ने देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार प्रेस क्लब द्वारा गोरवशाली रूप से पिछले 18 वर्षो से अधिक से शहीदों की स्मृति में बने शहीद पार्क पर नगर के पत्रकारों द्वारा ध्वजारोहण कर पुषपांजलि अर्पित की जाती है।

आज गणतंत्र दिवस पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष भूपेंद्र उपाध्याय पत्रकारगण नीरज दुबे, प्रेम चौहान, गिरधारीलाल गहलोत ,दिलीप बुंदीवाल, कैलाश व्यास, संदीप दावरे, दीपक उपाध्याय, शाहनवाज खान सहित प्रिंट व इलेक्ट्रानिक व सामाजिक कार्यकर्ता जगदीशचन्द्र प्रजापति उपस्थित थे। प्रेस क्लब द्वारा एस डी एम नेहा साहु व तहसीलदार

प्रकाश परिहार का स्वागत सम्मान किया गया। साथ ही देश की सीमाओ की रक्षा कर लौटे पूर्व सैनिक शांतिलाल अटोलिया का भी स्वागत सम्मान किया गया। इसके साथ नवागत अध्यक्ष भूपेंद्र उपाध्याय का भी सम्मान किया गया।उक्त अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल छाजेड़, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीषा शर्मा, भाजपा नेता राधेश्याम बंबोरिया, विनोद चतुर्वेदी ,पार्षद नारायण मंडावलिया, अभिभाषक संघ पूर्व अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चोरड़िया, कृष्णचंद गौहर, नरेंद्र गोहर, एडवोकेट विमलेश दलाल सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित थे।उक्त अवसर पर प्रेस क्लब द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों का भी सम्मान किया गया।

राहगीरी में प्रतीकात्मक गदा देकर किया मुख्यमंत्री का सम्मान

उज्जैन। रविवार को आयोजित राहगीरी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन लाइव के मंच से राहगीरी में उपस्थित उज्जैनवासियों को संबोधित किया। उज्जैन लाइव एवं इवे आईटी सॉल्यूशंस के डायरेक्टर नितिन शर्मा, आशीष शर्मा, दीपक जैन, विशाल चौहान एवं पूरी टीम ने ने मंच पर प्रतीकात्मक गदा देकर मुख्यमंत्री का सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि उज्जैन लाइव एक अनूठा और विश्वसनीय डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो बाबा महाकालेश्वर के दर्शन के साथ-साथ उज्जैन की सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक एवं विकासात्मक गतिविधियों से संबंधित वीडियो, पॉडकास्ट और न्यूज़ को स्पष्ट एवं निष्पक्ष रूप से प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि उज्जैन लाइव आने वाले वर्षों में, विशेष रूप से सिंहस्थ 2028 के लिए, एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। सिंहस्थ विकास से जुड़ी योजनाओं, डॉक्यूमेंट्री वीडियो और जनहित से

संबंधित जानकारियों के माध्यम से यह प्लेटफॉर्म जन-जन तक सटीक जानकारी पहुँचाने का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने उज्जैन लाइव की सराहना करते हुए कहा कि यह डिजिटल माध्यम उज्जैन की वैश्विक पहचान को और अधिक सशक्त बना रहा है।

संकल्प के साथ ध्वजारोहण, 6 बेटियों की सगाई संपन्न

उज्जैन। उज्जयिनी वरिष्ठ नागरिक संगठन के 41वें वर्ष एवं अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम के 38वें स्थापना दिवस पर संस्थाध्यक्ष डॉ. ऋषि मोहन भटनागर के मुख्य आतिथ्य में प्रात: 11 बजे ध्वजारोहण के साथ 56 वर्षों से सेवा में सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले सुधीर भाई गोयल ने माता सत्यवतीदेवी एवं पिता सत्यनारायण को समर्पित सत्यांश मानवतावादी मिशन संकल्प लिया। इस अवसर पर वैदिक यज्ञ, 6 बेटियों की सगाई, विशेष बच्चों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इस अवसर पर आचार्य विश्वमित्र आर्य, परमाणु उर्जा के वैज्ञानिक संजय खेर, इन्दौर, डॉ. सदानन्द रसल, पूणे, ग्राम अम्बोदिया सरपंच पूजा छाड़िया, महेन्द्र छाड़िया, कांता भाभी, मोनिका दीदी, गोरी दीदी, चिन्मयी सदानंद रसल डी.व्हाय. पाटिल होम्योपेथी मेडिकल कॉलेज, पूणे, इंजीनियर नलवाड़े को-फाउण्डर आत्म वेदा योग इंफोटेक, पूणे, रामकृष्ण सोनी इलेक्ट्रानिक इंजीनियर, इन्दौर

उपस्थिति रहे। गणतंत्र दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रम में फेमिना मिस इण्डिया निकिता पोरवाल, अशोक पोरवाल, की उपस्थिति में श्रीरामकृष्ण बालगृह एवं मां शारदा बालिका गृह के विशेष बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ एडवांस योगा की सराहना की। निकिता पोरवाल ने सेवाधाम के मानवीय सेवा कार्यों से जुड़ने की अपील की। सांस्कृतिक कार्यक्रम पश्चात आचार्य आर्य विद्धान विश्वमित्र आर्य ने विश्व में सामाजिक समरसता, शांति और निरंतर प्रेम के प्रवाह की कामना के साथ वैदिक यज्ञ सम्पन्न कराया पश्चात धर्मपिता सुधीर भाई एवं धर्ममाता कांता भाभी ने अतिथियों की उपस्थिति में आश्रम की बेटियों की सगाई सम्पन्न कराई।

उज्जैन की राइजिंग स्टार ने जीती राज्य स्तरीय नाइट एमएलए ट्रॉफी

फाइनल मुकबाला इंदौर और उज्जैन की टीमो के मध्य हुआ

उज्जैन। राज्य स्तरीय नाइट एमएलए ट्रॉफी 2026 के अंतिम दिन सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गए।

संयोजक इरशाद कुरैशी, उपसंयोजक सोहेल कुरेशी ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गॉडजिला क्रिकेट ग्राउंड पर प्रदेश के खिलाड़ीयो ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। बेहद रोमांचक मुकाबले खेले गए एमएलए ट्रॉफी 2026 को हासिल करने की इस दौड़ में फाइनल मुकबाला इंदौर और उज्जैन की टीमो के मध्य हुआ और एक बेहद रोमांचक मुकाबले में उज्जैन की राइजिंग स्टार ने 8 विकेट से जीत हासील कर चमचमाती ट्रॉफी पर कब्ज़ा किया। इस कड़कड़ाती सर्दी में दर्शको ने भी इस मुकाबले का लुत्फ़ उठाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप पधारे तराना विधायक एवं उज्जैन जिला ग्रामीण अध्यक्ष महेश परमार, उज्जैन शहर कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश भाटी, प्रदेश सचिव असलम लाला, शफीक खान मंसूरी, समीरुल हक़, जीवजीगंज ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक लाला, सर सैय्यद सोसाइटी के मार्गदर्शक इकबाल उस्मानी, नावेद खान, आसिफ खान, रईस मंसूरी पान बिहार, अब्बास लश्कर वाला, आरिफ अलि, जमील अहमद, सोहेल कुरेशी एसक्यू, कॉमेंटेटर शफीक खान भी उपस्थित रहे। इस बेहतरीन टूरनामेंट के आयोजन मे फ़ैज़ान कुरेशी, आतिफ अंसारी, हुमायूं जाकिर खान, आदिल कुरेशी, आवेश कुरेशी एवं उनकी टीम का सहयोग रहा।

विजेता टीम को 45000 रुपए व उप विजेता टीम को 18000 रू. व ट्रॉफी दी गई। मेन ऑफ द सीरीज के विजेता इंदौर के खिलाड़ी को सैमसंग एलईडी दी गई। पुरस्कार समारोह का संचालन इरफान राइन ने किया। आभार कमल टटवाल ने माना। उपरोक्त जानकारी प्रचार सचिव चेतन ठक्कर, प्रवक्ता सैयद आशिक अली ने दी।

120 बच्चों को जरूरी सामान के साथ दी स्कूल बैग किट

▸ **खेल संगम 2.0 में विजयी कर्मचारियों, टीमों को पुरस्कृत किया**

उज्जैन। उन्हेल रोड के पास सारीबारी (सोडंग) से जुड़े खलाना रोड स्थित जे के सीमेंट उज्जैन इकाई में गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें कई सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम हुए।

जेके सीमेंट द्वारा ग्राम चकरावदा के शासकीय विद्यालय के प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के बच्चों एवं अध्यापकों को गणतंत्र दिवस के आयोजन के लिए आमंत्रित किया एवं स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी करवाए गए।

जे के सीमेंट उज्जैन ने अपनी सीईआर सामाजिक गतिविधि के अंतर्गत कक्षा 01 से लेकर कक्षा 10 के 120 बच्चों को जरूरी समान के साथ स्कूल बैग किट उपहार में दिये एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की गई।

इसी के साथ जे के सीमेंट द्वारा आस पास के ग्रामों के सरपंचों एवं अध्यापकों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया एवं सभी का कंपनी के परिसर में पुष्पगुच्छ से स्वागत एवं शाल पहना कर सम्मान किया।

मानव संसाधन के विभागाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि विगत सप्ताह कंपनी ने अपने कर्मचारियों के मनोबल एवं स्वास्थ का ध्यान रखते हुए खेल सप्ताह भी मनाया जिसे खेल संगम 2.0 का नाम दिया। इस प्रतियोगिता में विजयी होने वाले कर्मचारियों एवं टीमों को पुरस्कृत किया गया।

गणतंत्र दिवस के इस शुभ अवसर को जेके सीमेंट उज्जैन यूनिट के मुखिया आशुतोष श्रीवास्तव, मानव संसाधन के विभागाध्यक्ष राहुल सिंह, सिक्युरिटी प्रमुख रामकरन चौधरी और सभी विभागों के सहयोगियों द्वारा सफल बनाया गया। कार्यक्रम के पधारे बच्चों, अध्यापकों, सरपंचों, कर्मकार भाइयों ओर जनसेवा में लगे वाहन चालक भाइयों ने जलपान का आनंद प्राप्त किया और जे के सीमेंट उज्जैन द्वारा दिये गये सम्मान ओर व्यवस्था की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

एक नजर ▸ **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वयं तूलिका हाथ में लेकर चित्रकला में सहभागिता की**

चित्रकला प्रस्तुति से किया विक्रम महोत्सव 2026 का शुभारंभ

उज्जैन। राहगिरी 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत विक्रम महोत्सव 2026 का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर फाल्गुनी चित्रकला केंद्र की निदेशक फाल्गुनी अग्रवाल एवं उनके विद्यार्थियों द्वारा निर्मित अद्भुत चित्रकला कृतियों की प्रस्तुति की गई।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वयं तूलिका हाथ में लेकर चित्रकला में सहभागिता की। उन्होंने लाइव पेंटिंग के माध्यम से सुनहरे रंग का प्रयोग करते हुए सम्राट विक्रमादित्य का प्रभावशाली चित्र प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने अत्यंत सराहा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फाल्गुनी अग्रवाल को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आगामी भव्य आयोजनों एवं उत्सवों में उनकी चित्रकला को अनेक मंचों पर प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जिससे कला और संस्कृति को व्यापक पहचान मिलेगी।

इस अवसर पर असंख्य जनता की उपस्थिति में फाल्गुनी अग्रवाल एवं उनके प्रतिभाशाली विद्यार्थी, विशेष रूप से विद्यार्थी विवेक कटारिया, आरुषि गौर, काश्वी ऐरन, जिया जैन, निर्वी शर्मा, तन्वी बारोड की कला प्रतिभा की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम ने भारतीय कला, संस्कृति और इतिहास के गौरवशाली स्वरूप को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। यह संस्था मध्यप्रदेश सोसाइटी अधिनियम से रजिस्ट्रीकृत है। चित्रकला में सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्सेज उपलब्ध कराती है। यह 6 माह 1 वर्ष एवं 2 वर्ष के होते है।